To Construct the Bus Stand

*52 **SH. SANJAY SINGH, M.L.A.**: Will the Transport Minister be pleased to state:-

a) Whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a big bus stand in Tauru area of Sohna Assembly Constituency; and

b) If so, the time by which it is likely to be constructed?

MOOLCHAND SHARMA, TRANSPORT MINISTER, HARYANA.

a) No Sir, There is no such proposal under consideration of the Government. 3 Bays Bus Stand was constructed in Tauru in 2016, on 9 Kanal 8 Marla land which is situated on Sohna road and is fully functional.

b) Does not arise in view of response to part (a).

बस अड्डे का निर्माण करना

*52 **श्री संजय सिंह, एम0 एल0 ए0:–** क्या परिवहन मंत्री कृपया बतांएगे कि:–

क) सोहना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के तावडू क्षेत्र में बड़े बस अड्डे का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है ?

मूलचंद शर्मा, परिवहन मंत्री, हरियाणा

क) श्रीमान् जी नहीं, ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है। तावडू में सोहना रोड़ पर स्थित 9 कनाल 8 मरला भूमि पर 3 बेज के बस अड्डे का निर्माण वर्ष 2016 में किया गया था और यह पूर्णतया संचालन में है।

ख) भाग (क) के मध्यनज़र इस सम्बन्ध में कोई प्रश्न नहीं उठता है।

NOTE FOR PAD

*52

Tauru Bus stand comes under the jurisdiction of Nuh Depot. A 12 Bays Bus Stand at Nuh was constructed on 33 Kanal 3 Marla land at a cost of Rs. 1045.52/- Lakh. Nuh Depot has a sanctioned fleet of 118 buses. Presently, Nuh depot has 67 buses out of which 10 buses are operated under Kilometer Scheme. The buses are being operated locally as well as on the routes to Delhi, Rajasthan, Chandigarh, Mathura, Bhiwani, Jind, Rohtak etc.

Tauru city is situated on Sohna- Rewari Road and it is situated around 20 KMs away from Nuh. Bus stand Tauru was constructed in the year 2016 on 9 Kanal 8 Marla land at a cost of Rs. 100.85 lakh. Buses from Tauru bus stand are plied locally as well as on routes of Chandigarh, Rewari, Rohtak, Jind, Bhiwani, Jhajjar, Mathura, Pataudi, Gurugram, Bilaspur etc. Presently, the Bus Stand Tauru is in very good condition and fully operational since 2016. Keeping in view of condition of bus stand and traffic potential, as such there is no need to construct a big bus stand at Tauru in Sohna Assembly Constituency.

नोट फॉर पैड

***52**

तावडू बस अड्डा नूँह आगार के अधिकार क्षेत्र में आता है। नूँह में 33 कनाल 3 मरला भूमि पर 12 बेज के बस अड्डे का निर्माण 1045.52 लाख रूपये की लागत से किया गया है। नूँह आगार में 118 बसों का स्वीकृत बेड़ा है। वर्तमान में नूँह डिपो में 67 बसें हैं जिनमें से 10 बसें किलोमीटर स्कीम के अन्तर्गत संचालित हैं। इस बस अड्डे से स्थानीय मार्गों के अतिरिक्त दिल्ली, राजस्थान, चण्डीगढ़, मथुरा, भिवानी, जीन्द, रोहतक आदि मार्गों पर बसों का संचालन किया जा रहा है।

तावडू शहर सोहना–रेवाड़ी मार्ग पर स्थित है और यह नूँह से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। बस अड्डा तावडू का निर्माण वर्ष 2016 में 9 कनाल 8 मरला भूमि पर 100.85 लाख रूपये की लागत से किया गया था। तावडू बस अड्डे से स्थानीय मार्गों के अतिरिक्त चण्डीगढ़, रेवाड़ी, रोहतक, जीन्द, भिवानी, झज्जर, मथुरा, पटौदी, गुरूग्राम, बिलासपुर आदि मार्गों पर बसों का संचालन किया जा रहा है। बस अड्डे की हालत एवं यातायात स्थिति को देखते हुए सोहना विधानसभा के तावडू क्षेत्र में बड़े बस अड्डे के निर्माण की आवश्यकता नहीं है।